आहत किया गया है। संकट की इस

# बीजापुर में चल रहे आपरेशन से माओवादी भयभीत : साव

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया. रायपुर :** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि बीजापुर में चल रहे आपरेशन से माओवादी भयभीत हैं। पिछले 15 महीने में जवानों ने कई आपरेशन चलाए हैं, जिसमें बड़ी सफलता मिली है। राज्य सरकार मार्च 2026 तक प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। वे मंगलवार को निवास कार्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। माओवादियों के शांति वार्ता के प्रस्ताव पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बार-बार शांति का मार्ग अपनाने की अपील की है। माओवादी हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ें, सरकार स्वागत करने के लिए तैयार हैं। माओवादियों के कल्याण के लिए नई राहत और पुनर्वास नीति बनाई गई है। लेकिन, जो हथियार उठाकर चलेंगे उसके साथ सुरक्षा बल के जवान कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक नहीं होने और कहीं स्वीकृत पद से अधिक शिक्षक होने की शिकायत आती है। बच्चों की पढ़ाई पर इसका बुरा असर पड़ता है। सभी स्कूलों में बराबर शिक्षकों की व्यवस्था के लिए युक्तियुक्तकरण करना आवश्यक हो गया है। सरकार इस दिशा में कदम उठा रही है, ताकि आगामी शिक्षण सत्र में स्कूलों की व्यवस्था ठीक हो सके।



अरुण साव
● फाइल फोटो

**पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस कर रही राजनीति :** उपमुख्यमंत्री साव ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से पहलगाम हमले पर संसद के विशेष सत्र बुलाए जाने की मांग पर कहा कि विपक्ष विशुद्ध तौर पर राजनीति कर रही है। केंद्र सरकार ने घटना के बाद त्वरित कार्रवाई की है। सर्वदलीय बैठक में सभी ने सरकार की कार्रवाई का समर्थन किया था। अब इसके बाद सत्र बुलाए जाने की मांग करना राजनीति है।